# तेरे एहसान | By Nisha Dutt Sharma

तेरे एहसान का बदला चुकाया जा नहीं सकता
दिया जो आपने मुझको भुलाया जा नहीं सकता

अगर मुझको ना तू मिलता मेरा मुश्किल गुज़ारा था
मुझे दुनिया ने ठुकराया तेरा ही तो सहारा था
तू हर पल साथ है मेरे छुपाया जा नहीं सकता
दिया जो आपने मुझको भुलाया जा नहीं सकता

मैं दुनिया में अकेला था तेरे दर पर तो मेला था
मेरी किस्मत ने लाकर के तेरे दर पर धकेला था
जो पकड़ा हाथ तुमने है छुड़ाया जा नहीं सकता
दिया जो आपने मुझको भुलाया जा नहीं सकता

मैं तेरा लाल हूँ बाबा बहुत कंगाल हूँ बाबा
मगर तेरे नाम की दौलत से मैं मालामाल हूँ बाबा
गोविन्द तुमसे है क्या रिश्ता बताया जा नहीं सकता
दिया जो आपने मुझको भुलाया जा नहीं सकता

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%8f%e0%a4%b9%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-nisha-dutt-sharma/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%8f%e0%a4%b9%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-nisha-dutt-sharma/)